तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 फरवरी 2025

14 ग्राम पंचायत टटेंगा में पसरा रहा सन्नाटा

12 झेरिया यादव समाज ने शिक्षा व नशामुक्ति पर दिया जोर




## खबर संक्षेप

### गातापार में 35 वां वार्षिक सत्संग समारोह 20 से

**जामगांव आर।** श्री कबीर शांति निकेतन गातापार में 35 वां वार्षिक सत्संग समारोह का त्रि दिवसीय आयोजन 20 से 22 फरवरी तक रखा गया है। स्मृति शेष साध्वी कालिंदी देवी एवं ब्रह्मचारी स्मृति शेष गोवर्धन दास की स्मृति में आयोजित इस सत्संग समारोह में प्रवक्ता संत अमोही साहेब, संत शिवम साहब एवं संत गुरुमुख साहब होंगे। संतो का व्याख्यान 20 एवं 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे 12 बजे एवं शाम 4 बजे से 6 बजे तथा 22 फरवरी को 10 बजे से 2 बजे भक्त लाभान्वित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए संत नियम दास संत हीरम दास ने बताया संत समागम दूर से दूर से संतों और भक्तों का आगमन होता है। सत्संग समारोह में साध्वी दामिन देवी, त्रिभुवन गौटियां, अर्जुन गौंटिया, गणेश राम साहू, कोमल साहू, शत्रुहनलाल, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू सहित ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग प्रतिवर्ष मिलता है।

### भाजपा की विजय रैली आज



**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा की विजय रैली आज 18 फरवरी को 11:00 बजे राज भवन से निकाली जाएगी। मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने सभी नगरवासियों व कार्यकर्ताओं से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

### काल भैरव देऊर मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा कल से



**गुरूर।** नगर के ऐतिहासिक काल भैरव देऊर मंदिर में 19 फरवरी से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। इसका समापन 26 फरवरी को होगा 27 फरवरी को हवन, तर्पण एवं गीता पाठ व पार्थिव शिवलिंग का पूजन एवं विसर्जन किया जाएगा। कथा के दौरान कोई भी श्रद्धालु अपने पितरों की प्रसन्नता के लिए परीक्षित बनकर सम्मिलित हो सकता है। भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी तथा संध्या 6:30 बजे मंदिर प्रांगण में दीपदान किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ एवं भगवान श्री विष्णु का अभिषेक किया जाएगा। महाशिरात्रि पर 26 फरवरी की मध्य रात्रि से देर रात्रि तक भगवान भोलेनाथ का महाअभिषेक किया जाएगा। कथा के प्रथम दिन 19 फरवरी को दोपहर 3 बजे जलयात्रा निकाली जाएगी, जो देऊर मंदिर से प्रारंभ होकर गणेश मंदिर में पूजा अर्चना के बाद गणेश तालाब से जल लेकर वापस कथा स्थल पहुंचेगी। कथावाचक ज्ञानेश्वर पाण्डेय होंगे। समस्त कार्यक्रम देऊर मंदिर के आचार्य पंडित सुरेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में होगा।





**चुनाव :** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत शांतिपूर्ण ढंग से हुआ पहले चरण का मतदान

# ग्राम सरकार बनाने डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड के मतदाताओं ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले में सोमवार को पहले चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। पहले चरण में जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न हुआ।

दोनों विकासखण्डों के मतदान केन्द्रों के निर्धारित समय सुबह 07 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। मतदान के दौरान सभी वर्ग के मतदाताओं ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेते हुए पूरे जोश एवं उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केन्द्रों में पुरूष एवं महिला मतदाताओं के अलावा बुजुर्ग, दिव्यांग, युवा सभी वर्ग के मतदाता मतदान करने पहुंचे।

इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने दोनों विकासखण्डों के विभिन्न मतदान केन्द्रों में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्र पथराटोला में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पीठासीन अधिकारी एवं मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मतदान केन्द्र में उपस्थित मतदाताओं से भी मतदान केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डी विकासखण्ड के मतदान केन्द्र अड़जाल, कोटागांव, गुजरा, कुसमुकसा, कुमुड़कट्टा व अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




### युवा मतदाताओं में पहली बाद मतदान को लेकर दिखा खासा उत्साह

मतदान के दौरान युवा मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखने को मिला। इसके अंतर्गत जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम दानीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 21 में युवा मतदाता सुधा, लालिमा ठाकुर, मीनाक्षी मण्डावी, दामिनी एवं कीर्ति आदि युवा महिला मतदाता एक साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पहली बार त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। इन सभी युवा मतदाताओं ने इस पल को अपने लिए अविस्मरणीय बताया। इसी तरह दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता भी आज अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पीछे नही रहे। ग्राम दानीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 22 में बुजुर्ग दिव्यांग मतदाता रमेश कुमार रावटे ने अपने शारीरिक असमर्थता के बावजूद अपने परिजनों के साथ मतदान केन्द्र में पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।




### बैठने के लिए कुर्सी व छाया के लिए पंडाल की व्यवस्था

मतदान के दौरान डौण्डी विकासखण्ड के बकलीटोला के मतदान केन्द्र क्रमांक 17 में मतदान करने पहुँचे मतदाताओं ने मतदान केन्द्र की बेहतर व्यवस्था की सराहना की। उल्लेखनीय है कि मतदान केन्द्र बकलीटोला में मतदाताओं के लिए बैठक एवं छांव इत्यादि की समुचित व्यवस्था की गई थी। जिसमें मतदाताओं ने छांव में विश्राम कर अपनी बारी आने पर क्रमशः अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बकलीटोला मतदान केन्द्र की सराहना वहाँ उपस्थित बुजुर्ग मतदाता रतन लाल, युवा मतदाता शेखर कुमार एवं महिला मतदाता वंदना एवं नीलम ने करते हुए यहाँ की व्यवस्था को बहुत ही सराहनीय बताया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित सभी रिटर्निंग अधिकारी, नोडल अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स एवं पुलिस के आला अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का लगातार दौरा कर मतदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु व्यवस्थाओं का निरंतर मॉनिटरिंग करते रहे। सभी मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्ति के पश्चात मतदान अधिकारियों के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया को पूरी करने के पश्चात निर्वाचन अभिकर्ताओं की उपस्थिति में मतगणना के कार्य को आरंभ कर दिया गया।

### विधायक ललित ने गृहग्राम कोलिहापुरी में किया मतदान




**अंडा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अन्तर्गत सोमवार को मतदान हुआ। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने अपने गृह ग्राम कोलिहापुरी में शासकीय प्राथमिक शाला मतदान केंद्र पहुंचकर परिवार सहित मतदान किया। इस दौरान श्री चंद्राकर ने लोगों से अपील की कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए अपने अमूल्य वोट का अवश्य प्रयोग करें। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी मीनाक्षी चंद्राकर, भतीजी मुस्कान चंद्राकर, हिमानी चंद्राकर, प्राची चंद्राकर, चन्द्रशेखर चंद्राकर व जय चंद्राकर ने भी वोट डाला।

### डोंडी ब्लॉक में 78 प्रतिशत मतदान




**डोंडी।** ब्लॉक में गांव की सरकार बनाने के लिए सोमवार को हुए चुनाव में डोंडी ब्लॉक में 78 प्रतिशत मतदान हुआ। सभी केंद्रों में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इसके बाद मतगणना प्रारंभ की गई। वहीं धोतिमटोला बूथ 67 के ग्रामीण ने चुनाव का बहिष्कार कर मतदान मे भाग नहीं लिया। सोमवार को हुए चुनाव की परिणाम की घोषणा 19 फरवरी को डोंडी में होगी। पंचायत चुनाव के लिए डोंडी ब्लॉक में 174 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां सुबह 7 बजे मतदान चालू हुआ। उसके बाद अनेक केंद्रों में महिलाओं की लंबी लाइन लगी रही। कई केंद्रों में लोग जमीन पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। डोंडी ब्लॉक के 32826 महिला तथा 30176 पुरुषों ने चुनाव में भाग लिया। सिंघोला, घोटिया, कुसुमकसा, पेंड्री, पचेड़ा, कांडे, ठेमाबुजुर्ग सहित 36 केंद्रों में दोपहर 3 बजे के बाद भी मतदान जारी रहा। रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार देवेंद्र नेताम सहायक निर्वाचन अधिकारी जनपद सीईओ डीडी मंडले ने सभी सेक्टर अधिकारियों से संपर्क कर मतदान की प्रतिशत एवं शांति व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते रहे।

**किशनपुरी मतदान केंद्र में फर्जी मतदान की शिकायत, 10 मिनट रूकी रही प्रक्रिया:** पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य चुनने के लिए एक-एक मतदाता को चार-चार बार सुभेदक चिन्ह लगाना था, इसके कारण कई केंद्रों में मतदान की प्रक्रिया धीमी भी रही। ब्लॉक के अंतिम छोर के किशनपुरी मतदान केंद्र में किसी महिला द्वारा फर्जी मतदान की शिकायत प्रत्याशियों के एजेंट द्वारा किए जाने के कारण 10 मिनट तक मतदान रुक रहा।

### धोतिमटोला के ग्रामीणों ने किया चुनाव का बहिष्कार

उधर, धोतिमटोला के ग्रामीण के विरोध के कारण उसके गांव के मतदान केंद्र को दारुटोला में शिफ्ट कर दिया गया था, जहां पर दारूटोला वालों का नाम धोतिमटोला मतदान केंद्र में 48 लोगों का नाम था, उन लोगों ने ही दारूटोला में वोट किया और धोतिमटोला के ग्रामीणों ने चुनाव का बहिष्कार कर दिया। 3 बजे के बाद कोई मतदान के नहीं आने पर दारूटोला की टीम वापस कंट्रोल रूम आने पर निर्वाचन अधिकारियों द्वारा डोंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर पीठासीन अधिकारी गोपेंद्र साहू विकास देशमुख कुलेश्वर चंद्राकर महावीर सोनकर को फूल भेंटकर स्वागत किया गया।

## डौंडीलोहारा विकासखंड के मतदान केंद्रों में दिखा उत्साह



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के अंतर्गत जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच व पंच के लिए सोमवार को मतदान हुआ। मतदान के लिए लोगों में गजब का उत्साह दिखा। कई गांव में दिनभर काम धाम पूर्णतः बंद रहा। वनांचल क्षेत्रों में कई बूथों पर जहां मतदाताओं की संख्या अधिक है, सुबह 7:00 से लेकर दोपहर तक अच्छी भीड़ रही, ग्राम कोड़ेकसा में 11:00 बजे तक बूथ नंबर 340 में 40 प्रतिशत तथा 341 में 50 प्रतिशत मतदान हो चुका था, उसके बाद भी लंबी लाइन लगी हुई थी। लोग अपने बारी के इंतजार में कुछ खड़े व कुछ बैठे हुए थे, वोटरों के लिए पंचायत द्वारा धूप से बचने अच्छी व्यवस्था की गई थी, मतदान शांतिपूर्वक चल रहा था। इसी प्रकार बड़े जुंगेरा बूथ में 11.30 बजे तक 32.50% मतदान हुआ था। दोपहर 3:00 तक मतदान होने के बाद सभी बूथों में लगभग 4:00 बजे से मतगणना प्रारंभ हो गई। सबसे पहले बेलेट पेपर को एकजायी करने के बाद पहले जिला पंचायत, उसके बाद जनपद पंचायत, तत्पश्चात पंच व आखरी में सरपंच के वोटों की गिनती की गई। पंच, सरपंच व जनपद सदस्यों का परिणाम देर रात आने की उम्मीद है। वहीं, जिला पंचायत का परिणाम संभवतः एक दिन बाद ही प्राप्त हो पाएगा।

**शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बालोद में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह**

# 53 साल बाद मिले पूर्व छात्र व शिक्षक, ताजा की बचपन की यादें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बालोद में वर्ष 1971-72 में 11वीं मैट्रिक पढ़े छात्रों ने गेट टू गेदर कार्यक्रम कर अपने बचपन के दिनों की याद ताजा की। इनमें से कुछ लोगों का 53 साल बाद एक दूसरे से मिलन हुआ। छात्र जीवन के अपने सीनियरों को समारोह में अतिथि के रुप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उनके शिक्षक रहे एलडी दुबे को पूर्व छात्रों ने अपने बीच पाया। फिजिक्स के शिक्षक एवं एनसीसी ऑफिसर के रूप में ख्याति प्राप्त लक्ष्मी दत्त दुबे अनुशासन प्रिय शिक्षक थे। बालोद में एक लंबा समय गुजारे दुबे छात्रों के बीच लोकप्रिय रहे।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर धर्मचंद जैन डॉक्टर आनंद देशपांडे, डॉक्टर दीपक क्लाडियस, शंकर लाल श्रीश्रीमाल, कुलदीप सिंह कत्याल, सीनियर छात्र उपस्थित थे। एलडी दुबे ने कहा कि बालोद के छात्रों एवं नागरिकों ने मुझे जो मान सम्मान दिया वह मेरी धरोहर है। आप सभी के बीच आकर मैं अपने को फिर से तरोताजा पा रहा हूं। मुझे खुशी है कि मेरे छात्र आज जहां भी हैं, अच्छी स्थिति में है, खुश हैं। सीनियर छात्रों ने भी अपना संबोधन दिया तथा जूनियरों के द्वारा दिए गए सम्मान के लिए धन्यवाद एवं आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मनोरंजक खेल पासिंग टू पार्सल खेल के माध्यम से जिस मेंबर का नंबर आता था वह अपने संस्मरण या चुटकुलों के माध्यम से मनोरंजक प्रस्तुति देता था, लगभग 68 वर्ष की उम्र में पहुंच चुके इन वरिष्ठजनों ने इस आयोजन के माध्यम से अपने जीवन के खट्टे मीठे अनुभव आपस में शेयर किये।

### कार्यक्रम में शामिल होने लंदन से पति जेराल्ड के साथ पहुंचीं लोबिन क्लॉडियस

इस आयोजन में सहपाठी के रूप में लोबिन क्लॉडियस एवं उसके पति जेराल्ड आइजक जो कि लंदन में रहते हैं भी, इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सभी सहपाठियों को स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह एवं शिक्षक दुबे को प्रशस्ति पत्र दिया गया। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक गोपाल मंत्री, टिकेंद्र हरदेल एवं किशोर वैष्णव ने दिया।

### नाती-पोतों ने नृत्य-गीत से बांधा समां

नाती पोतों ने नृत्य-गीत के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी और कार्यक्रम में समा बांधा। इस आयोजन के माध्यम से सहपाठियों ने सुखद यादों को पुनः संजोया और सुख-दुख के आयोजन में पुनः सम्मिलित होने के वादों के साथ सभी सदस्यों ने आपस में विदाई ली। इस आयोजन में पूर्व छात्र के रूप में गोपाल मंत्री, आशा मंत्री, टिकेंद्र हरदेल, भीखमचंद गोलछा, नेक चंद चोपड़ा, मदन बाफना, निर्मल अग्रवाल, पारसमल श्रीश्रीमाल, हमीरमल नाहटा, गजानंद गुप्ता, रामकिसुन गुप्ता, मोहम्मद वसी मलिक, किशन मंत्री, डॉ रूपेंद्र देशमुख, किशोर वैष्णव, पुरुषोत्तम, कोकिला श्रीवास्तव, रीता झा, धर्म मित्र, हेमलता, अनीता साहू, महरुन्निशा, हरीश गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव, अमर सिंह ठाकुर उमेश राजपूत, चंद्र प्रकाश टावरी, राजकुमार ओटवानी, रामलाल देवांगन, बोधन सिंह ठाकुर, शारदा दास मानिकपुरी, अनूप साहू, सेवाराम साहू, द्वारिका यादव, निर्देश सोनबोइर, कोमल महोबिया ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

पाठक सूचना
हरिभूमि
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# सैद्धांतिक पर्चे के साथ ही होगी स्वाध्यायी विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं की परीक्षाएं 3 मार्च से 24 मार्च तक और 12वीं की परीक्षाएं 1 मार्च से 28 मार्च तक होंगी। दिसंबर माह में ही माशिम ने इसके लिए समय-सारिणी घोषित कर दी थी।

नियमित विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं विद्यालयों द्वारा जनवरी माह में ही ली जा चुकी हैं, लेकिन प्राइवेट स्टूडेंट्स के प्रैक्टिकल एग्जाम मार्च में ही लिए जाएंगे। दो परीक्षाओं के मध्य मिलने वाले गैप में यह परीक्षा होगा। प्रायोजना कार्य भी प्राइवेट छात्रों को इस दौरान ही करने होंगे। स्कूलों को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूर्व में ही दिशा-निर्देश दिए जा चुके थे। अब विद्यालय अपने यहां परीक्षा फॉर्म भरने वाले प्राइवेट स्टूडेंट्स को इसकी जानकारी दे रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कहा गया है कि प्राइवेट छात्रों के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कराने पिछले वर्ष की बची हुई उत्तरपुस्तिकाओं का प्रयोग किया जाए। इसके समाप्त होने की स्थिति में स्थानीय स्तर पर उत्तरपुस्तिकाओं की व्यवस्था की जाएगी।

प्रायोगिक परीक्षा एवं प्रायोजना कार्य पश्चात अंकों को 3 अप्रैल तक अनिवार्यतः पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। ऐसा ना करने पर माशिम द्वारा विलंब शुल्क लगाया जाएगा। इनका मूल्यांकन शाला स्तर पर होगा।




- माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं की परीक्षाएं अगले सप्ताह से
- 3 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से अपलोड करने होंगे अंक
- इस्तेमाल होंगी पिछले साल की कॉपियां

### पोर्टल लॉक करने से पहले द्वि-स्तरीय जांच

विद्यालय जिस पोर्टल में अंक अपलोड करेंगे, उसे लॉक करने से पहले दो बार जांच करनी होगी। माशिम ने छात्रों के अंकों की हार्डकॉपी निकलवाकर विषय विशेषज्ञों तथा आंतरिक परीक्षकों से मिलान कराने कहा है। द्वि-स्तरीय जांच किए जाने के बाद ही पोर्टल लॉक करने कहा गया है। त्रुटिपूर्ण अंक अपलोड करने की शिकायतें प्रत्येक सत्र में माशिम को प्राप्त होती रही हैं।

### नहीं होती जानकारी

प्राइवेट छात्रों ने जिस स्कूल से परीक्षा फॉर्म भरा है अर्थात जो उनका परीक्षा केंद्र है, वहीं प्रायोगिक परीक्षाएं भी दिलाएंगे। प्रत्येक वर्ष ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिसमें प्राइवेट छात्रों को विद्यालय द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रायोगिक परीक्षाओं की जानकारी नहीं होती है। इस स्थिति में उनके प्रैक्टिकल अंक शून्य मानते हुए परिणाम जारी किए जाते रहे हैं। ऐसे छात्रों के लिए माशिम द्वारा पुनः प्रायोगिक परीक्षाएं भी पूर्व में आयोजित की जाती रही हैं, लेकिन इस बार जारी की गई अधिसूचना में माशिम ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा से वंचित विद्यार्थियों के लिए दोबारा प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित नहीं कराई जाएंगी। इसके चलते भी विद्यार्थियों को विद्यालय सूचित कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित पार्षद डॉ. मनमोहन का किया स्वागत

**रायपुर।** संत कबीर दास वार्ड क्रमांक 3 के नवनिर्वाचित प्रत्याशी डॉ मनमोहन मनहरे जीत के बाद बसंत विहार कॉलोनी भ्रमण के लिए पहुंचे, वहां कॉलोनीवासियों द्वारा पुष्प हार भेंटकर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं बसंत विहार कॉलोनीवासी उपस्थित थे।

### चुनाव जीतने के बाद गिदवानी पहुंचे गोदड़ीवाला धाम



**रायपुर।** वार्ड पार्षद का चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले अमर गिदवानी देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा गेलाराम साहब को नमन किया और दरबार की महंत अम्मा मीरा देवी से आशीर्वाद लिया। पूरा धाम परिसर जय श्रीराम व भक्तों का भगवान है, बाबा गेलाराम है, के नारों से गूंज उठा। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सेवाधारी इंदर सचदेव, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, लाल खूबचंदानी, महेश हरजानी, रवि प्रीतवानी, नवल राय गिदवानी, घनश्याम माखीजा, राजेश गिदवानी, संदीप गिदवानी, दिप्शा छुगानी, सेजल प्रीतवानी, भक्ति बालानी, पुरुषोत्तम छुगानी, शिवा खूबचंदानी, रवि सचदेव समेत अनेक सेवादार शामिल हुए।

### धरे गए दो चाकूबाज, न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा



**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह के दिशा-निर्देश, एएसपी शहर लखन पटले तथा सीएसपी केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अपराधों पर अकुंश लगाने असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत थाना मौदहापारा क्षेत्र में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अब्दुल कासिम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भाई अब्दुल नाजिम पर पारिवारिक लड़ाई में मो. युनूस ने सब्जी काटने के चाकू से वार कर दिया, जिससे उसके पेट में जख्म हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश कर उसे धर दबोचा और उसके कब्जे से एक नग चाकू जब्त कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया है। दूसरी घटना में मौदहापारा पुलिस ने एक बदमाश को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। रविवार को जीएसटी टॉवर के पास सड़क पर धारदार चाकू लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को धमकाते बदमाश मो. सिद्दीकी को हिरासत में लिया गया, उसके कब्जे से धारदार चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### प्लेटफॉर्म पर तैनात किए गए अतिरिक्त जवान

# भगदड़ के बाद उत्तरप्रदेश और दिल्ली की ट्रेनों में बढ़ाई सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शनिवार रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को सख्त कर दिया है। महाकुंभ और दिल्ली जाने वाली ट्रेनों के साथ-साथ प्लेटफार्मों पर अतिरिक्त आरपीएफ जवान तैनात कर दिए गए हैं। अधिकारियों और जवानों द्वारा सुरक्षा को लेकर पूरी चौकसी बरती जा रही है, साथ ही स्टेशन पर आने-जाने वाले लोगों पर भी निगरानी रखी जा रही है।

रविवार रात 9:00 बजे हरिभूमि की टीम ने रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां प्लेटफार्म पर यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। प्लेटफार्म नंबर-5 पर सारनाथ ट्रेन की आवाजाही को लेकर एनाउंसमेंट किया जा रहा था, और उत्तरप्रदेश और बिहार जाने वाले यात्री काफी संख्या में ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन 9:20 बजे प्लेटफार्म पर रुकी, यात्रियों ने ट्रेन में चढ़ने के लिए आपाधापी शुरू कर दी। जनरल कोच में चढ़ने के लिए यात्रियों को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

इस दौरान, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ के अधिकारी और जवान मौजूद थे, जिन्होंने यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने में सहयोग किया। स्टेशन पर सुरक्षा में तैनात जीआरपी के अधिकारी और जवान पूरी तरह मुस्तैद दिखे। वे यात्रियों पर पैनी नजर रख रहे थे और मेटल डिडेक्टर से उनके बैग और झोलों की जांच कर रहे थे, ताकि कोई असामान्य वस्तु ना चढ़ सके






- महाकुंभ जाने सारनाथ में कम होने लगी यात्रियों की भीड़, स्टेशन में यात्रियों के बैग की हो रही जांच



### दिल्ली के लिए बुकिंग में कमी यात्रियों ने कैंसिल किए टिकट

भगदड़ के बाद रविवार को दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में बुकिंग में कमी देखी गई। आरक्षण भवन में यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों की तुलना में कम रही। सूत्रों के अनुसार, भीड़ और भगदड़ की घटना को लेकर दर्जन भर से अधिक यात्रियों ने अपने टिकट कैंसिल भी कराए हैं। महाकुंभ के मद्देनजर सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में पहले से यात्रियों की भीड़ कम होने लगी है, लेकिन स्लीपर कोच में सीटें भरी हुई हैं। वहीं, जनरल कोच में यात्रियों को सफर के लिए अब भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ट्रेनों में सामान्य कोच में जगह की कमी के कारण यात्रियों को ट्रेन में चढ़ने और बैठने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### महाकुंभ में श्रद्धालुओं का ऐसा तांता

# प्रयागराज की एकमात्र फ्लाइट ऑनलाइन बुकिंग साइट से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाकुंभ में शामिल होने श्रद्धालुओं का तांता लगने की वजह से रायपुर-प्रयागराज की एकमात्र नियमित फ्लाइट ऑनलाइन बुकिंग साइट से गायब हो चुकी है। इस फ्लाइट में सामान्य तरीके से सफर करने के लिए 25 फरवरी के बाद ही 6 हजार में टिकट मिलना मुमकिन है। यात्रियों को गंगा में डुबकी लगाने के लिए वहां तक पहुंचने के लिए दिल्ली अथवा लखनऊ की फ्लाइट का सहारा लेना पड़ रहा है।

रायपुर-प्रयागराज के बीच नियमित रूप से एक विमान का संचालन होता है, जो छोटा एयरक्राफ्ट है। महाकुंभ की शुरुआत के बाद इसकी डिमांड इतनी बड़ी हुई है कि 5 से 6 हजार में मिलने वाला टिकट अभी 20 हजार में नहीं मिल पा रहा है। अजय ट्रैवल्स के संचालक रमन जादवानी के मुताबिक कुंभ के शेष दिनों के लिए फ्लाइट में बुकिंग पूरी हो चुकी है, इसलिए ऑनलाइन बुकिंग साइट से गायब हो चुकी है। कुंभ की समाप्ति महाशिवरात्रि के साथ होगी, जिसके बाद ही दोनों शहरों के बीच यात्रा सामान्य तरीके से होगी। 26 फरवरी को रायपुर से प्रयागराज जाने के लिए लगभग 6 हजार में टिकट मिल रहा है। इसके बाद दोनों शहरों को जोड़ने वाली फ्लाइट पचास फीसदी यात्रियों के साथ ही आवाजाही करेगी। वर्तमान में प्रयागराज तक पहुंचने के लिए श्रद्धालु निकट शहर लखनऊ का टिकट बुक कर रहे हैं, जिसकी वजह से वहां का फेयर भी 15 हजार से ऊपर जा चुका है। इसके अलावा यात्री व्हाया दिल्ली होकर भी अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं, जिसके लिए भी उन्हें 15 से 20 हजार रुपए खर्च करना पड़ रहा है।




- सामान्य तरीके से 6000 में टिकट, 25 फरवरी के बाद ही मिलना मुमकिन
- वर्तमान में प्रयागराज जाने दिल्ली अथवा लखनऊ की फ्लाइट ही सहारा

### अप्रैल से समर शेड्यूल

विमान 30 मार्च तक विंटर शेड्यूल के अनुसार आवाजाही कर रहा है। 30 मार्च के बाद विमानों का परिचालन गर्मी यानी समर शेड्यूल के अनुसार किया जाएगा। विंटर शेड्यूल के दौरान रायपुर से जगदलपुर के बीच बंद हुई निजी एयरलाइंस की उड़ान पुनः शुरू होने की उम्मीद है। वहीं रायपुर से सालों से लंबित जयपुर के साथ भारी डिमांड वाले अयोध्या के लिए भी विमान सेवा शुरू किए जाने की उम्मीद है।

### परीक्षा के बाद बढ़ेगा सफर

ट्रैवल्स कारोबारियों का कहना है कि अब स्कूलों में परीक्षा का दौर शुरू हो गया है। इसकी वजह से यात्रा करने वालों की संख्या सामान्य स्थिति में पहुंच जाएगी। परीक्षा समाप्त होने के बाद लोग छुट्टियां मनाने का प्रोग्राम बनाएंगे। इसकी वजह से गर्मी के दिनों में यानी अप्रैल के बाद यात्रियों की संख्या में इजाफा होगा।

# नगरीय निकायों में 3 मार्च से पूर्व करना होगा पहला सम्मेलन उसके बाद ही हटेंगे प्रशासक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के चुनाव परिणाम और गठन की अधिसूचना रविवार को ही राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित कर दी थी। नगरीय प्रशासन विभाग के सूत्रों के मुताबिक इसके बाद अगले 15 दिनों के भीतर सभी निकायों के पहले सम्मेलन और सभी निर्वाचितों को सदस्यता की शपथ करानी होगी। चुनाव परिणाम आने के बाद अगले माह की 3 तारीख तक शपथ ग्रहण कराने के बाद प्रशासक हटेंगे।

बताया गया है कि यह कार्यवाही संबंधित कलेक्टर और उनके सक्षम प्राधिकार कराएंगे। इसके बाद ही सभी निकायों से प्रशासक वापस लिए जाएंगे। उसके बाद ही महापौर-अध्यक्ष, एमआईसी/पीआईसी का गठन कर सकेंगे। इससे पहले राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना होने के तत्काल बाद केवल नगर पालिकाओं के निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता का प्रभाव शून्य कर दिया है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने बीते 20 जनवरी को चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए सभी संबंधित नगरीय क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया था। इसी कड़ी में प्रदेश के 173 नगरीय निकायों के लिए 11 फरवरी को मतदान हुआ और 15 को मतगणना हुई।




- नगरीय निकाय के महापौर और पार्षदों को कलेक्टर दिलाएंगे शपथ, फिर बनेगी एमआईसी

### कार्यकाल समाप्त होने पर बैठाए गए थे प्रशासक

छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों में चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल जनवरी में समाप्त हो गया था। कार्यकाल समाप्त होने के बाद जिला कलेक्टर को निगमों में प्रशासक बनाकर बिठाया गया था। राज्य सरकार ने समय पर चुनाव न करा पाने के कारण छह माह के अंदर चुनाव कराने एक अध्यादेश भी लाया था।

# महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई कर सकती है नए सिरे से गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द किए जाने के बाद सीबीआई के अफसरों ने जेल में बंद 15 आरोपियों से जेल में पूछताछ की है। मामले से जुड़े अन्य लोगों से भी सीबीआई ने पूछताछ की है। महादेव सट्टा एप मामले में सीबीआई अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ कर चुकी है। सट्टा एप मामले में सीबीआई ने अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की है।

मामले की जांच सीबीआई के सुपुर्द किए जाने के बाद कोर्ट ने सीबीआई को दो महीने के अंदर चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। महादेव सट्टा एप को लेकर अलग-अलग थानों में दर्ज प्रकरण के साथ ईओडब्लू से महादेव सट्टा एप से जुड़े सभी तरह के दस्तावेज अपने कब्जे में लेकर दस्तावेजों की पड़ताल कर रही है। इसके साथ ही सीबीआई के अफसरों ने मामले से जुड़े अफसरों के साथ आरोपियों को सीबीआई कार्यालय तलब कर पूछताछ की है।




- अब तक दो दर्जन से ज्यादा लोगों से सीबीआई ने अलग-अलग की है पूछताछ
- विशेष अदालत ने सीबीआई को 60 दिन के भीतर चार्जशीट दाखिल करने दिए हैं निर्देश

### बयान, दस्तावेजों की पड़ताल के बाद गिरफ्तारी

सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने महादेव सट्टा एप के आरोपियों से नए सिरे से जो बयान दर्ज किया है, उनके उन बयानों को पूर्व में दिए गए बयानों से मिलान कर रही है। जिनके बयान विरोधाभाषी पाए गए हैं, उनके सीबीआई के अफसरों ने फिर से बयान दर्ज किए हैं। सूत्रों के मुताबिक पुलिस द्वारा दर्ज महादेव सट्टा एप मामले में जिन आरोपियों को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर चुकी है और उन्हें कोर्ट से जमानत मिल गई है, उन्हें सीबीआई गिरफ्तार कर कोर्ट में नए सिरे से जांच कर कोर्ट में चालान पेश करेगी।


# ब्लड कैंसर और थायरॉयड का इलाज किडनी ट्रांसप्लांट की तरह अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुपरस्पेशलिटी सुविधा के लिए पहचान बनाने वाले डीके हास्पिटल में मरीजों को अब तक ब्लड कैंसर और थायरॉयड के उपचार की सुविधा नहीं मिल पाई है। करीब तीन साल पहले बनाए गए इंडोक्रिनोलॉजी और हेमेटोलॉजी विभाग शुरू करने का प्रस्ताव अब तक ठंडे बस्ते से नहीं निकल पाया है। दोनों तरह के उपचार की सुविधा किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा की तरह अटके रहने की संभावना है।

जानकारी के अनुसार वर्तमान में थायरॉयड की समस्या आम हो चुकी है। इसके अलावा रक्त विकार से संबंधित परेशानियों की जांच और रोगों के उपचार की सुविधा भी प्रदेश के सरकारी अस्पताल नहीं है। इस तरह के रोगों के उपचार के लिए मरीजों को निजी अस्पताल पर निर्भर होना पड़ता है। आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए तीन साल पहले सुपरस्पेशलिटी विभागों का संचालन करने वाले डीके अस्पताल में इंडोक्रिनोलॉजी और हेमेटोलॉजी विभाग का संचालन करने की योजना बनाई गई थी। अनुमति के लिए प्रस्ताव चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजा था, जिसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया जो अब तक बाहर नहीं निकल पाया है। इसकी वजह से आम हो चुकी कुछ तरह की बड़ी बीमारियों के इलाज के मरीजों को निजी अस्पतालों में बड़ी राशि खर्च करना पड़ रहा है। दोनों बीमारियों के उपचार की सुविधा का हाल इस अस्पताल में किडनी प्रत्यारोपण जैसी होने की आशंका है। इस प्रत्यारोपण के लिए शासन-प्रशासन स्तर पर कई बार घोषणाएं की गई मगर तैयारी इससे आज तक आगे नहीं बढ़ पाई है।

### डीके अस्पताल में इंडोक्रिनोलॉजी और हेमेटोलॉजी विभाग, नहीं मिली अब तक अनुमति





### बेड बढ़ाने की योजना भी अधूरी

डीके अस्पताल के कुछ विभागों में अधिक मरीज आने की वजह से कई बार बेड की समस्या आन पड़ती है। इसे ध्यान में रखते हुए यहां न्यूरो सर्जरी सहित कुछ विभागों में मरीजों के लिए बेड बढ़ाने की योजना तो बनाई गई थी मगर इस पर अब तक किसी तरह का ठोस काम नहीं हो पाया है।

### हास्टल अटका

डीके अस्पताल के एमसीएच छात्रों के लिए हास्टल बनाने की योजना भी फिलहाल अटक गया है। इसके लिए डीएमई सहित अन्य कार्यालय खाली होने के बाद पुराना नर्सिंग हास्टल को चिन्हित किया जा रहा था। तहसील भवन के जीर्णोद्धार की वजह से वहां का कामकाज इस बिल्डिंग से पूरा किया जा रहा है।

### महादेव घाट रायपुर में विवाह योग्य युवक-युवतियों ने दिया परिचय

# झेरिया यादव समाज ने शिक्षा व नशामुक्ति पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज, महानगर इकाई रायपुर व महिला प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श सामुहिक विवाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। महादेव घाट रायपुरा, रायपुर स्थित समाज के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाज के विवाह योग्य 368 युवतियों एवं 106 युवाओं ने परिचय दिया। आदर्श सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके सफल-सुदीर्घ दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ ही अन्य विधाओं में उत्कृष्ट कार्य कर रहे समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक राउत नाचा के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष जीआर यादव, प्रदेश संरक्षक आरडी यादव, जगतराम, संयुक्त सचिव मनोज यादव, महानगर इकाई न्याय प्रकोष्ठ अध्यक्ष परदेशी यादव, प्रदेश सचिव एवं महानगर इकाई अध्यक्ष सुंदरलाल यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।







### जरूरतमंदों को उच्च शिक्षा के लिए समाज करेगा सहयोग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने समाज में नशामुक्ति और शिक्षा पर जोर दिया। श्री यादव ने कहा कि समाज के हर बच्चे को पढ़ाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि माता-पिता इस बात पर ध्यान दें कि बच्चे पढ़ लिखकर अपने पैरों पर खड़े हों और केवल नौकरी के लिए ही पढ़ाई न करें, बल्कि स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ें। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने कहा कि आजकल समाज में लड़कियां पढ़ाई के क्षेत्र में बहुत आगे हैं, लेकिन युवकों की शिक्षा को लेकर उन्होंने चिन्ता जताई। उन्होंने कहा कि लड़के भी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। इस दौरान बताया कि रायपुरा स्थित प्रदेश कार्यालय भवन में समाज के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। जो बच्चे रायपुर में रहकर पढ़ाई करना चाहते हैं और समक्ष नहीं हैं, वे यहां बिना किसी प्रकार का शुल्क दिए रह सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के ऐसे बच्चे, जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, लेकिन उनके माता-पिता सक्षम नहीं हैं, उनकी पढ़ाई का खर्च समाज द्वारा उठाया जाएगा।

# जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी होंगे चैंबर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जय व्यापार पैनल के संरक्षक मंडल ने छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स के आगामी चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की। इसमें अमर पारवानी को अध्यक्ष, अजय भसीन को महामंत्री और उत्तम गोलछा को कोषाध्यक्ष के रूप में सर्व सम्मति से प्रत्याशी बनाया। यह निर्णय पिछले चार वर्षों तक उनके सफल कार्यकाल को ध्यान में रखते हुये लिया गया है।

जय व्यापार पैनल से अमर पारवानी पुन अध्यक्ष पद के प्रत्याशी होंगे। संरक्षक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में पैनल के संरक्षक मंडल के आसुदामल, महेंद्र धाड़ीवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, यूएन अग्रवाल, सलाहकार जितेन्द्र दोषी, सुरेंद्र सिंह, विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन, राजेंद्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल सहित अमर पारवानी, अजय भसीन और उत्तम गोलछा उपस्थित थे। विदित हो, जय व्यापार पैनल छत्तीसगढ़ में व्यापारिक समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। चैंबर ने इस कार्यकाल में वर्तमान अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में नये 11,500 रिकॉर्ड सदस्यों के साथ एक मजबूत समर्थन प्राप्त किया है। जय व्यापार पैनल ने आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीतियों और लक्ष्यों को स्पष्ट किया है और अपने पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। पैनल ने अपने प्रत्याशियों के प्रति विश्वास व्यक्त किया है और आगामी चुनावों में व्यापारियों से उन्हें पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया है।

## खबर संक्षेप

### विधवा, विधुर और तलाकशुदा के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन 9 मार्च को

**रायपुर।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष भी सभी जाति, समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा महिलाओं, पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें अविवाहित युवक-युवतियां तथा उम्रदराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं। यह कार्यक्रम पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सत्संग भवन में आगामी 9 मार्च को होगा। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल और अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने कहा कि इस वर्ष के परिचय सम्मेलन के लिए महिलाओं का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां इसका लाभ उठा सकें और अपने लिए योग्य जीवनसाथी चुन सकें। साथ ही परिचय सम्मेलन दिवस पर भी सुबह 9 बजे से कार्यक्रम स्थल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संस्था की बैठक विगत दिनों की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि संस्था के अन्य दो कार्यालयों धमतरी व डोंगरगढ़ में भी पंजीयन की सुविधा उपलब्ध होगी।

### सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभांरभ

**रायपुर।** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ विगत दिनों कई जगहों पर किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर 8 मार्च तक जारी रहेगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि शिविर का शुभारंभ बेबीलोन टॉवर रायपुर टाटीबंध, नया रायपुर और बलौदाबाजार में एक साथ किया गया।

### रेलवे के तीन डिवीजन में चलाया अभियान

**रायपुर।** भिलाई आरपीएफ ने अभियान चलाकर टिकट दलालों समेत रेलवे क्षेत्र के अवैध कारोबारियों पर शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल के अंतर्गत भिलाई-दुर्ग में यात्री ट्रेनों और स्टेशनों में भूलवश छोड़े गए सामानों को ऑपरेशन अमानत के तहत रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा यात्रियों को सुपुर्द किया। रेलवे सुरक्षा बल को रेल मदद, ट्विटर या अन्य माध्यमों से रेल यात्रियों के भूलवश छूटे सामानों की जानकारी सुरक्षा नियंत्रण कक्ष को मिलती है। सुरक्षा नियंत्रण कक्ष में तैनात स्टाफ के द्वारा यात्रियों के दिए गए मोबाईल से संपर्क कर उनके ट्रेन नम्बर, कोच नंबर या स्टेशनों की जानकारी प्राप्त कर अगले आने वाले रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट को सूचित किया जाता है।

### दो आगजनी के हादसे में लाखों का सामान जला

**भिलाई।** दो अलग-अलग आगजनी का मामला सामने आया है। दमकल कर्मियों के मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक 15 फरवरी की रात वैशाली नगर के एक मकान में घर में आग लगने अचानक लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम राजीव नगर के मौला साहू के घर आगजनी की घटना हुई। उनका मकान आग की लपटों से घिर चुका था। मकान के भीतर गैस सिलेंडर पड़ा मिला। जिसे दमकल कर्मियों जागरुकता दिखाते हुए बाहर निकाल दिया नहीं तो बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

# तीन साल तक की पढ़ाई तो इंटर्नशिप जरूरी नहीं, चौथे वर्ष में ही अनिवार्य होगा 'व्यावहारिक अनुभव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू कर दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए संबंधित क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना अथवा इंटर्नशिप करना अनिवार्य है। यह व्यवस्था शुरुआती तीन वर्ष के विद्यार्थियों के लिए ना होकर चौथे वर्ष के विद्यार्थियों के लिए होगी। जो छात्र स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल करना चाहते हैं और चतुर्थ वर्ष में दाखिला प्राप्त करेंगे, उन्हें ही इंटर्नशिप करना होगा। इसके अंक छात्रों के अंतिम परीक्षा परिणाम में भी जोड़े जाएंगे।

- तीन वर्ष में पूर्ण होगा ग्रेज्यूएशन चौथे वर्ष में मिलेगी ऑनर्स डिग्री

उल्लेखनीय है कि एनईपी के तहत पहले साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र को सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दो साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र को डिप्लोमा मिलेगा। तीन साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद छात्र को स्नातक की उपाधि और चार साल की पढ़ाई पूरी करने पर छात्र को ऑनर्स डिग्री मिलेगी। पांच साल की पढ़ाई पूरी करने के बाद विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की जाएगी। इस तरह से स्नातकोत्तर की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को ही इंटर्नशिप करना होगा।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान पर दिया गया है जोर

### स्नातक में स्किल इनहैसमेंट कोर्स ही

महाविद्यालयीन जीवन के शुरुआती तीन वर्षों में विद्यार्थियों के लिए स्किल इनहैसमेंट कोर्स ही संचालित किए जाएंगे। इसके साथ ही वैल्यू एडेड कोर्स का भी संचालन छात्रों के लिए किया जाएगा। विद्यार्थी अपनी सुविधा और रुचि के अनुसार इन पाठ्यक्रमों का चुनाव कर रहे हैं। इनके अंक भी अंतिम परीक्षा परिणाम में जुड़ेंगे। सामान्यतः छात्र अपने विषय संबंधित स्किल इनहैसमेंट और वैल्यू एडेड कोर्स का ही चुनाव कर रहे हैं।




### सभी के लिए व्यवस्था संभव नहीं

स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों की संख्या स्नातकोत्तर स्तर की तुलना में कई गुना अधिक होती है। सभी विद्यार्थियों के लिए कंपनियों और संबंधित क्षेत्र में इंटर्नशिप की व्यवस्था कर पाना संभव नहीं है। इसे देखते हुए इंटर्नशिप संबंधित व्यवस्था चतुर्थ वर्ष में करने की तैयारी है। प्रथम वर्ष में एनईपी लागू किए जाने के पश्चात अब शैक्षणिक सत्र 2025-26 में द्वितीय सत्र में इसे लागू किया जाएगा। इसके लिए भी तैयारियां की जा रही हैं।

## 27 करोड़ से अधिक का यूनिपोल घोटाला

# ग्रेसफुल मीडिया का टेंडर रद्द, कंपनी से बकाया राशि वसूलने अंतिम नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में यूनिपोल घोटाला मामले में नगर निगम ने ग्रेसफुल मीडिया का टेंडर रद्द कर दिया है। साथ ही कंपनी पर बकाया विज्ञापन शुल्क का भुगतान न करने के कारण 30 मिनी यूनीपोल, अन्य यूनिपोल और कंपनी की संपूर्ण विज्ञापन संपत्ति इन्वेंटरी को राजसात करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही नगर निगम की ओर से कंपनी को तय समयसीमा के अंदर बकाया राशि जमा करने के लिए अंतिम नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय सीमा में बकाया राशि जमा नहीं करने पर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड कर कानूनी कार्रवाई शुरू की जायेगी।

- भुगतान नहीं करने पर संपति की जायेगी जब्त

दरअसल, पूर्व महापौर एजाज ढेबर ने नगर निगम में 27 करोड़ के यूनिपोल घोटाले का आरोप लगाया था। उनका कहना था कि यूनिपोल लगाने वाली कंपनी ग्रेसफुल मीडिया प्राइवेट लिमिटेड को नियम विरुद्ध तरीके से अनुमति दी गई और निर्धारित संख्या से अधिक यूनिपोल लगाने, जगह बदलने के अलावा कम रेट पर मंजूरी देने जैसी विसंगतियां शामिल थीं। इस मामले में नगर निगम और राज्य शासन ने एक समिति बनाई है। दोनों समितियां मामले से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही हैं।




### बकाया शुल्क वसूली प्रक्रिया की होगी निगरानी

नगर निगम ने राजस्व वसूली और वित्तीय अनुशासन लागू करने के लिए कुछ कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में एक विशेष समिति का गठन किया जायेगा, जो एजेंसी से बकाया राशि वसूली की प्रक्रिया की निगरानी करेगी। यह समिति ग्रेसफुल मीडिया की आय का विश्लेषण कर प्रभावी वसूली उपायों की सिफारिश करेगी। संबंधित एजेंसी का लाइसेंस रद्द कर दिया जायेगा, जिससे कि वह नगर निगम क्षेत्र में कोई भी विज्ञापन गतिविधि संचालित नहीं कर सकेगी। यही नहीं, एजेंसी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा, जिससे कि वह भविष्य में निगम के किसी भी टेंडर में भाग नहीं ले सकेगी। कंपनी यदि समय पर भुगतान नहीं करेगी, तो विज्ञापन संपत्ति पूर्ण राजसात की जायेगी। इससे पहले निगम की ओर से 30 यूनिपोल राजसात किये जा चुके हैं। आने वाले 10 दिनों में बची सभी विज्ञापन संपत्तियों को भी राजसात किया जायेगा। यदि एजेंसी निर्धारित समय सीमा में बकाया राशि जमा नहीं करती है, तो एजेंसी के बैंक खातों और संपत्तियों को जब्त कर न्यायालय में वित्तीय वसूली का मुकदमा भी दायर किया जायेगा।

# नशीली दवा का कारोबार, चार महीने में केवल दो बार मेडिकल स्टोर्स तक पहुंची ज्वाइंट टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दवा का दुरुपयोग नशे के लिए किए जाने की शिकायतों को रोकने दवा दुकानों में जांच के लिए चलाया गया अभियान ठंडा पड़ गया है। आदेश के चार महीने में खाद्य एवं औषधि प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम केवल दो बार दवा दुकानों तक पहुंच पाई है। रायपुर जिले में वर्तमान में करीब डेढ़ हजार मेडिकल स्टोर्स क्रियाशील हैं और जांच टीम केवल पचास दुकानों तक पहुंच पाई है।

- जिले में करीब डेढ़ हजार दवा दुकान, जांच केवल पचास में

प्रदेश में सूखा नशा का प्रचलन बढ़ा हुआ है, जिसमें नशीला टेबलेट सहित अन्य दवाओं का उपयोग जोर शोर से हो रहा है। इस तरह की समस्या को देखते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा गृहमंत्री विजय शर्मा ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस विभाग को मिलकर दवा के दुरुपयोग को रोकने तथा इसकी अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।

करीब चार माह पहले जारी किए गए इस आदेश के तहत ज्वाइंट टीम ने केवल दो बार रायपुर जिले में अपनी जांच की औपचारिकता पूरी की है। पहली जांच दिसंबर में हुई, जिसमें 30 दुकानों में जाकर दवाओं की खरीदी-बिक्री के मामले में जांच की गई थी। इसके बाद दूसरी कार्रवाई जनवरी में हुई, जिसमें 25 मेडिकल स्टोर्स को जांच के दायरे में लाया गया था। इनमें से कुछ दुकानों में अनियमितता मिलने पर कार्रवाई की गई थी। दिलचस्प बात यह है कि रायपुर जिले में वर्तमान में करीब डेढ़ हजार मेडिकल स्टोर्स हैं और संयुक्त टीम केवल पचास दवा दुकानों में जांच कर पाई है। जांच के दौरान सभी दवा दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश जारी किए गए थे और यह हिदायत दी गई थी कि कैमरे कभी बिगड़ने बंद नहीं होने चाहिए। इस आदेश के बाद विभागीय टीम ने इसे पालन करने के मामले में कभी फालोअप नहीं लिया है।



### बाहर से सप्लाई ज्यादा

सूत्रों के मुताबिक नशे के लिए उपयोग होने वाला टेबलेट ज्यादातर दूसरे राज्यों से लाकर यहां खपाए जाते हैं। अन्य राज्यों के दवा कारोबारियों के नाम पर इनकी खरीदी होती है और उसे लाकर रायपुर समेत अन्य जिलों में घूम-घूमकर बेचने वालों तक पहुंचाया जाता है। दूसरी ओर लाभ के लालच में भी कई बार छोटे दवा दुकानदार इस तरह का काम करते हैं। जांच अभियान द्वारा ऐसी लापरवाही के मामले में डेढ़ दर्जन दवा दुकानों पर कार्रवाई की गई थी।

# दिन में तेज हुई गर्मी, तापमान बढ़कर 35 डिग्री तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फरवरी का दूसरा पखवाड़ा शुरू होने पर दिन की लंबाई के साथ गर्मी भी बढ़ने लगी है। रविवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री पर पहुंच गया, जिससे तेज धूप के प्रभाव से दोपहर में असहजता महसूस होने लगी। अभी रात में ठंडकता महसूस हो रही और इसका असर अगले चौबीस घंटे तक रहने की संभावना है।

- तेज धूप से दोपहर में असहजता रात में ठंडकता

आने वाले पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव दिन की अवधि लगातार बढ़ने की वजह से दिन और रात का मौसम अलग-अलग हो गया है। रात के वक्त वातावरण में ठंडकता आ जाती है, जो सुबह होने तक प्रभावी रहती है। इसके बाद दिन चढ़ने के साथ धूप का प्रभाव बढ़ता जाता है और गर्मी अपना असर दिखाने लगती है। रविवार को राजधानी में दोपहर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया, इससे तेज गर्मी महसूस होती रही।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में दिन साढ़े 12 घंटे का हो गया है और इसकी लंबाई आने वाले दिनों में और बढ़ती जाएगी। दिन की लंबाई बढ़ने की वजह से धूप का प्रभाव ज्यादा समय तक रहेगा और रात में जमीन को ठंडा होने का वक्त कम मिलेगा, जिससे बढ़ती गर्मी का अनुभव होगा। अगले चौबीस घंटे में रात की ठंड और सुबह की तेज धूप पर ज्यादा प्रभाव नहीं होगा, मगर 18 फरवरी को आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के असर से दोनों वक्त के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।



मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार रविवार को सबसे ज्यादा गर्म जगदलपुर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री तक पहुंचा, वहीं रायपुर का पारा 35 डिग्री तक गया। राज्य के अधिकतर शहरों में दिन का पारा सामान्य से अधिक है। वहीं रात के न्यूनतम तापमान में सामान्य से हल्की गिरावट दर्ज की जा रही है।

# अवकाश के दिन नगर निगम ने लगाया राजस्व कर वसूली शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम का राजस्व अमला निगम चुनाव के बाद अब बकाया राजस्व वसूली में जुट गया है। रविवार को अवकाश के दिन जोन 9 अमले ने शिविर लगाया। इसमें 10 लाख रुपये से अधिक की राजस्व वसूली की गयी।

- जोन 9 के शिविर 10 लाख रुपये से अधिक की वसूली

नगर निगम जोन 9 के 7 वार्ड के रहवासियों की सुविधा के लिए रविवार को संपत्ति कर वसूली शिविर जोन सहायक राजस्व अधिकारी विजय शर्मा की उपस्थिति में लगाया गया। जोन कमिश्नर संतोष पांडेय के मार्गदर्शन में कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड, डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर वार्ड , नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड, महर्षि वाल्मिकी वार्ड, शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड और पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड के करदाताओं की सुविधा के लिये यह शिविर लगाया गया। शिविर में 10 लाख 87 हजार रुपये की राजस्व कर वसूली की गयी। जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन 9 के सभी 7 वार्डों के सम्पति करदाता नागरिकों से अपील की है, संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य बकाया निगम करों का पूर्ण भुगतान सुनिश्चित कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# स्टेशन में 19 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में ओडिशा के काटाभांजी से लगातार गांजा सप्लाई की जा रही है, जिसे लेकर जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने शनिवार को दो अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी लंबे समय से रायपुर में गांजे की तस्करी कर रहे थे। जीआरपी ने विशेष निगरानी रखते हुए दोनों को रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपियों से 19 किलो 270 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत 3,85,400 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा और उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर के मार्गदर्शन में जीआरपी और आरपीएफ द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है।



### तलाशी से हुआ खुलासा

उप पुलिस अधीक्षक एसएन अख्तर ने बताया कि 15 फरवरी की रात लगभग 11 बजे प्लेटफार्म नंबर एक दुर्ग छोर पर महिला शौचालय खंभा नंबर 37 के पास चबूतरा क्षेत्र में दोनों आरोपी बैठे हुए थे। जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा पाया गया। गंगाधर महानंद (25) के पास एक आर्मी रंग का बैग था, जिसमें 7.810 किलो गांजा था, जबकि अशफाक अली (21) के पास डार्क ग्रे रंग का ट्राली बैग था, जिसमें 11.460 किलो गांजा बरामद हुआ।

### रायपुर भेजा जा रहा था गांजा

दोनों आरोपियों के पास से 19.270 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 3,85,400 रुपये बताई जा रही है। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रायपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया गया, जहां उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी काटाभांजी (ओडिशा) से गांजा लेकर रायपुर आ रहे थे। लगातार आरोपियों द्वारा गांजा की सप्लाई की जा रही थी।

# भाजपा का पूरा फोकस जिला पंचायत अध्यक्षों पर, सभी जिलों में परचम लहराने की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब भाजपा का पूरा फोकस पंचायत चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्षों पर है। भाजपा अब हर जिले में जिलाध्यक्ष चाह रही है। पिछली बार 2020 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के कारण भाजपा को सिर्फ सात जिलों में सफलता मिली थी और 20 में कांग्रेस के जिला पंचायत अध्यक्ष बने थे। तब प्रदेश में 27 जिले थे, लेकिन इस समय 33 जिले हैं। इसी के साथ प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा पंच, सरपंच भी भाजपा अपने समर्थन में चाह रही है।

- पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के प्रतिनिधित्व की रणनीति पर काम कर रही भाजपा

पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा का प्रतिनिधित्व की रणनीति पर वह काम रह रही है। प्रदेश में पहली बार नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ हो रहे हैं। नगरीय निकाय चुनाव तो निपट गए हैं। भाजपा ने इसको लेकर बड़ी तैयारी और रणनीति बनाई थी। भाजपा की रणनीति सफल नहीं बहुत ज्यादा सफल रही है। निकाय चुनावों में भाजपा की उम्मीद से ज्यादा बड़ी सफलता मिली है। भाजपा का बड़ा फोकस सभी दस नगर निगमों पर था और भाजपा से सभी में जीत प्राप्त की। इसी के साथ नगर पालिकाओं और नगर पंचायत में भी बड़ी सफलता मिली है। अब बारी पंचायत चुनाव की है। सोमवार को ही पहले चरण का मतदान है। इसमें मतदाताओं को चार वोट एक साथ देने को मौका मिलेगा। मतदाता पंच, सरपंच, जनपद सदस्य के साथ ही जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान करेंगे। जिला पंचायत सदस्यों में से ही जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होगा।



### सभी जिले जीतने की रणनीति

भाजपा ने नगर निगमों की तरह ही पंचायत चुनाव में सभी जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जीतने की रणनीति बनाई है। इसके लिए भाजपा के समर्थकों को जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बनाया गया है। वैसे पंच से लेकर सरपंच और जनपद सदस्य भी भाजपा के समर्थक मैदान में हैं। चूंकि पंचायत चुनाव गैर राजनीतिक होता है ऐसे में इसमें भाजपा का चुनाव चिंह नहीं रहेगा, लेकिन इसके चुनाव में जो प्रत्याशी मैदान में रहेंगे, वे जरूर भाजपा और कांग्रेस के समर्थक होंगे। प्रदेश भर के 33 जिलों के लिए भाजपा के 435 जिला पंचायत सदस्य चुनाव मैदान में हैं। इनमें से जो भी जीतकर आएंगे, वे जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। भाजपा का एक बड़ा फोकस इस बात पर भी है ज्यादा से ज्यादा जिला पंचायतों के सदस्य उनके समर्थक चुनाव जीते ताकि जिला पंचायत अध्यक्ष बनाने में आसानी हो। जैसे रायपुर जिले में 16 जिला पंचायत सदस्य मैदान में हैं। यहां पर अगर आठ से ज्यादा सदस्य भाजपा के चुने जाते हैं तो भाजपा को जिला अध्यक्ष बनाने में आसानी होगी। इसी तरह से अलग-अलग जिलों में जिला पंचायत सदस्यों की संख्या अलग-अलग है।

### 15 प्रतिशत अधिक वोट लेकर भाजपा ने कांग्रेस से बनाई बढ़त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव में नगर निगम से लेकर नगर पंचायत तक भाजपा ने कांग्रेस के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक वोट लेकर प्रचंड जीत दर्ज की है। महापौर व अध्यक्ष पद के डायरेक्ट चुनाव में भाजपा को 56.04 प्रतिशत और कांग्रेस को 31.25 प्रतिशत वोट मिले। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की बढ़त को बरकरार रखते हुए निकाय चुनावों में भाजपा बढ़त बनाए हुए है। स्थानीय निकायों के चुनाव में मिली जीत से भाजपा उत्साहित है। राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव परिणाम के बाद नगरीय निकाय में वोट शेयर का पार्टी वाइस आंकड़ा भी जारी किया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रीति को रविवि से मिली पीएचडी की उपाधि



**बालोद।** प्रीति अवस्थी को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा मनोविज्ञान विषय ए स्टडी ऑफ सेल्फी पोस्टिंग एज़ ए फंक्शन ऑफ़ पर्सनालिटी, सेल्फ स्टीम, जेंडर एंड नार्सिसिसज़म अमोंग कॉलेज स्टूडेंट्स पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध डॉ. उषाकिरण अग्रवाल प्राध्यापक मनोविज्ञान एवं प्राचार्य शासकीय चंदूलाल चंद्राकार महाविद्यालय धमधा तथा डॉ. प्रियमवदा श्रीवास्तव प्राध्यापक मनोविज्ञान अध्ययन शाला, विश्वविद्यालय, रायपुर के सह निर्देशन में पूर्ण किया। प्रीति अवस्थी व्याख्याता एलबी स्वामी आत्मानंद स्कूल निपानी बालोद में पदस्थ हैं। वे पूर्व एजीएम (रिवैंपिंग सेल) बीएसपी डीपी अवस्थी व इंदु अवस्थी की पुत्री हैं।

### नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर पुलिस की कार्रवाई

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर सडक हादसों में कमी लाने और ट्रैफिक बाधित करने वाले नो पार्किंग में खडे वाहनो पर कार्रवाई किया है। एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सिविक सेन्टर मार्केट, सूर्यामॉल चौक के आस पास चार पहिया वाहन सडक खडा करने वालों पर शिकंजा कसा गया है। वाहन यहां खडा करने से ट्रैफिक बुरी तरह बाधित हो जाया करता था। 48 वाहनो के टायरो में लॉक लगाया गया। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा नो पार्किंग के तहत कार्रवाई की गई। कुछ वाहन चालक को समझाईस भी दी गई है।

### जेवर की जगह महिला को थमाया कागज का बंडल, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** सड़क पर टहल रही महिला से जेवर लेकर उसे युवकों ने कागज का बंडल थमाने का मामला सामने आया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि शनिवार की देर शाम को घर जाते समय जुनवानी सड़क दो बाइक सवार युवक पहुंचे। महिला को झांसा देकर उसके सोने का मंगलसूत्र समेत अन्य जेवरात उतरवा लिया। उसके बाद उसे खरीदने के नाम पर दो कागज का बंडल महिला को थमा दिया। जब महिला घर पहुंची तो बंडल को खोलकर देखने पर कागज निकला। शिकायत के बाद पुलिस आसपास में लगे सीसी कैमरों को चेक कर युवकों के बारे में पतासाजी में जुटी हुई है।

### ग्राम पंचायत जेवरी व पथर्रा में शांतिपूर्ण तरीके से हुआ मतदान

**बेमेतरा।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का पहला चरण शांति और सुव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। इस क्रम में संवेदनशील मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित ग्राम पंचायत जेवरी और पथर्रा में भी शांतिपूर्ण रूप से मतदान प्रक्रिया पूरी हुई। जिला प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतते हुए मतदान के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। प्रशासन ने इन क्षेत्रों में किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी और विशेष निगरानी दल द्वारा पूरी मतदान प्रक्रिया की देखरेख गई। जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए मतदान केंद्रों पर पानी, छाया, और बुजुर्गों तथा दिव्यांगों के लिए सहायता की भी उचित व्यवस्था की गई थी। ग्राम पंचायत जेवरी और पथर्रा में मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। सुबह से ही लोगों ने लंबी कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और दिव्यांगों ने भी इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## निधन

### कोमल सिंह साहू



**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम खलारी निवासी 61 वर्षीय कोमल सिंह साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे भानू प्रताप साहू एवं ऋतुराज साहू के पिता थे।







**चुनाव :** मतगणना का सारिणीकरण आज जनपद पंचायत कार्यालय में किया जाएगा

# दुर्ग जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से लगी रही मतदाताओं की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के लिए सुबह से मतदान शुरू हो गया था। इस चुनाव में ग्रामीणों में भारी उत्साह दिखा। विशेष रूप से ग्राम अंडा, चंदखुरी, कुथरेल में सुबह से ग्रामीणों ने लंबी लाइन लगकर मतदान किया। सभी जगह शांतिपूर्ण चुनाव होने की खबर है। सामान्य इलाकों में मतदान का समय सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक निर्धारित किया गया था। क्षेत्र के कोलिहापुरी, पिसेगांव, चंदखुरी,कोनारी, कुथरेल, भरदा, अछोटी, चिंगरी, अंडा, विनायकपुर, आमटी, माशाभाट, निकुम, आलबरस, तिरगा, झोला, भोथली, खाड़ा ,रूदा, मोहलाई क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदा हुआ। क्षेत्र क्रमांक 07 के जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी माया बेलचंदन ने अपने ग्राम पंचायत झोला, आशा सुरेश साहू ने ग्राम भोथली और आशा विक्की मिश्रा ने अपने गृह ग्राम पंचायत कोलिहापुरी में मतदान किया। यशवंत निर्मलकर अंडा को स्कूली स्काउट गाइड व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने मतदान केन्द्र ले गए।

### दुर्ग जनपद के 257 केन्द्रों में मतदान

पंचायत चुनाव में मतदाता को चार अलग-अलग मतपत्र में वोट देना था। पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी मतपत्र था। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक मतदान केन्द्र में ही मतों की गणना की गई। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने केन्द्र के मतदान अधिकारियों के सहयोग से किया गया। मतगणना पश्चात मतदान दलों द्वारा निर्धारित सामग्री वितरण केन्द्र में ही मतदान सामग्री 17 फरवरी की शाम से देर रात्रि तक जमा की गई। मतगणना का सारिणीकरण 18 फरवरी को जनपद पंचायत कार्यालय में किया जाएगा। सारिणीकरण के बाद जनपद पंचायत कार्यालय से परिणाम घोषित किये जायेंगे।







## ग्राम पंचायत टटेंगा में पसरा रहा सन्नाटा





**बालोद।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत सोमवार को बालोद जिले के डौंडीलोहारा और डौंडी विकासखंड के ग्राम पंचायतों में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई, लेकिन इस बीच बालोद जिले के डौंडी लोहारा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टटेंगा गांव के ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। वहां सुबह से ही मतदान केंद्र सूना पड़ा रहा, जबकि जिले में अन्य 543 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से मतदान प्रक्रिया जारी रही।

■ अलग पंचायत, नहर व सड़क मरम्मत की मांग को लेकर किया चुनाव का बहिष्कार

प्रशासन द्वारा मातदाताओं को जागरूक करने के लिए किए गए लाखों प्रयासों के बावजूद टटेंगा ग्राम के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने में असफल रही, क्योंकि मतदान के दिन मतदान दल के पोलिंग बूथ पहुंचने के बाद ग्रामीणों के मतदान नहीं करने के फैसले ने प्रशासन को चौंका दिया। बता दें कि ग्राम टटेंगा में ग्राम से न तो किसी ने सरपंच प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया है और न ही पंच प्रत्याशी का। नतीजा यह रहा कि मतदान के दिन मतदान केन्द्र सूना रहा। दरअसल ग्राम पंचायत टटेंगा के लोगों की काफी पहले से मांग है कि ग्राम को कसही ग्राम से अलग कर स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा जर्जर सड़क की मरम्मत व सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी पहुंचाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है, लेकिन न तो टटेंगा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाया गया और न ही जर्जर नहर की मरम्मत हो पाई। नतीजा यह हुआ कि ग्रामीणों ने चुनाव का ही बहिष्कार कर दिया।



### ग्राम टटेंगा में हैं 1300 मतदाता

आपकों बता दें कि ग्राम पंचायत टटेंगा में 12 वार्ड हैं, जहां की जनसंख्या लगभग 1700 है। इनमें से 1300 मतदाता हैं। कालीचरण सिन्हा, देवकुमार साहू, गैंदलाल देवांगन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई साल से हम टटेंगा को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने और जर्जर नहर तथा सड़क की मरम्मत की मांग कर रहे थे। इसके लिए हमने डिप्टी सीएम से लेकर कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारियों व जनप्रतिनिधियों से कई बार मांग की, लेकिन हमारी मांगों पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

### लोकसभा व विधानसभा चुनाव में मिला था आश्वासन, पर नहीं हुआ पूरा

ग्रामीणों ने कहा कि पिछले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भी हमने चुनाव बहिष्कार की बात कही थी, लेकिन अधिकारी-कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों के आश्वासन पर भरोसा कर चुनाव का बहिष्कार नहीं किया। लेकिन लेकिन सालभर बाद भी वे अपने आश्वासन के अनुसार हमारी मांगों को पूरा नहीं कर पाए। इससे हमारा सब्र का बांध टूट गया और हमने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बहिष्कार करने का निर्णय लिया।

**आश्रित ग्राम कसही में हो रहा पंच चुनावः** अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने कहा कि ग्राम पंचायत टटेंगा और आश्रित ग्राम कसही है। आश्रित ग्राम कसही में लोगों ने पंच का फार्म भरा है और वहां पर पंच का चुनाव हो रहा है। ऐसे में यह चुनाव बहिष्कार के अंतर्गत नहीं आता है। ग्राम टटेंगा के लोगों द्वारा चुनाव बहिष्कार करने का मामला सामने आया है।

# कुएं में गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

आंख से कमजोर एक महिला सोनकुंवर मरकाम 85 वर्ष की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रात के समय शौचालय जाने के लिए बाड़ी की तरफ गई, जहां बाड़ी में स्थित कुएं रात के अंधेरे में नहीं दिखने के कारण वह कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। घर से अचानक बुजुर्ग माता के लापता होने पर परिजन रात्रि में ही उसकी खोजबीन करने लगे।

■ गुरूर विकासखंड के ग्राम सोनईडोंगरी की घटना

रात भर ग्रामीणों द्वारा खोजबीन की गई, लेकिन जब पूरे ग्राम में तथा घर के आस-पास कोई जानकारी नहीं मिली, तब ग्रामीणों ने आशंका के साथ घर के पास स्थिति कुएं की जांच की और उसमें कांटा डाला, तब वृद्ध महिला का शव कुएं से मिला। घटना ब्लाक के ग्राम सोनईडोंगरी की है। रविवार की देर रात को 85 वर्षीय सोनकुंवर मरकाम के अचानक घर से गायब हो जाने के बाद परिजनों व ग्रामीणों ने उनकी खोजबीन शुरू की। जहां उनका शव घर के पास मौजूद कुएं में मिला। पुलिस के अनुसार सोनकुंवर मरकाम रात के अंधेरे में शौचालय के लिए गई हुई थी, जहां शौचालय से वापस आते वक्त रास्ते में मौजूद कुआं उन्हें नहीं दिखा होगा, जिसमें वह गिर गई। पुलिस के अनुसार महिला का स्वास्थ्य ठीक नहीं था तथा वह ठीक से देख नहीं पाती थी। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# दलों की रवानगी में देरी, बस में क्षमता से ज्यादा कर्मी ठूंसने पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरीय निकाय के मतदाता सूची व चुनाव के दिन मतगणना स्थल पर अव्यवस्था के बाद दल रवानगी में लापरवाही सामने आई हैं। पहले चरण के चुनाव के लिए पालीटैनिक कालेज में मतदान दलों को भले ही सुबह छः बजे से बुला लिया गया था। लेकिन अव्यवस्था के कारण कर्मियों को पूरे आठ घंटे देरी से रवाना किया गया। बस में क्षमता से अधिक कर्मियों को ठूसे जाने पर हंगामा भी किया गया। हांलाकि बाद में व्यवस्था सुधारकर करीब ढाई से तीन बजे दलों को रवाना किया गया।

पालीटेक्निक कालेज में सुबह छः बजे से ही 257 मतदान केन्द्रो में लगाए गए कर्मियों का दल पहुंच गया था। लेकिन देरी होने के कारण दोपहर तीन बजे तक उन्हें भूखे प्यासे परेशान होना पडा। इन्हें सुबह रवाना करने के बजाय पूरे आठ घंटे देरी से भेजा गया। मतदान दलों की रवानगी के दौरान रिजर्व कर्मी और पीठासीन अधिकारियों की पंक्तिवार नाम नही लिए जा रहे थे। इसमें खामियां सामने आने के चलते काफी देरी से दल को रवाना किया गया। एक बस जिसमें 45 सीट की क्षमता थी, उसमें 65 से अधिक दलों को बिठाए जाने पर वहां हंगामा हो गया।



### प्रदेश में सिर्फ दुर्ग में लगातार लापरवाही

नगरीय निकाय चुनाव में दुर्ग जिले में लगातार चुनाव में अव्यवस्था की शिकायते आ रही है और इसकी जानकारी प्रदेश तक पहुंच रही है। नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता सूची में इस कदर लापरवाही बरती गई कि, भाजपा और कांग्रेस के नेताओं ने प्रशासन को घेर दिया। वही मतगणना के दिन राउंडवार जानकारी नही देने की शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव डां सर्वेश्वर भूरे तक भी की गई। निकाय चुनाव निपटने के बाद भी बूथवार जानकारी जारी नही करना प्रशासन के कार्य पर प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं।

# शहर के डेढ़ दर्जन वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशियों का खराब प्रदर्शन

**दुर्ग।** लोकसभा, विधानसभा और नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस का जनाधार धराशाही हो गया हैं। दुर्ग नगर निगम के साठ वार्डो के चुनाव में कांग्रेस को 18 वार्ड के आम जनता ने दूसरे नंबर पर भी बर्दाश्त नही किया है, पूरे 18 वार्ड कांग्रेस तीसरे नंपर पर रही है। वही एक वार्ड में चौथे नंबर पर चली गई।

उनके जगह जनता ने निर्दलियों को पल्को में सराहा हैं। नगरीय निकाय चुनाव जो सीधे नेताओं की छबि से जुडा होता हैं। इस रिजल्ट ने चुनाव की कमाल संभाले नेताओं की कलाई भी खोलकर रख दी हैं। सामने आए आंकडे के अनुसार 19 वार्डों में कांग्रेस के प्रत्याशी मुकाबले से बाहर रहे। कांग्रेस के 18 पार्षद प्रत्याशी तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 1 वार्ड में तो कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशी को चौथे स्थान पर संतुष्ट रहना पड़ा। वार्डवार पार्षद प्रत्याशियों को प्राप्त मतों के आंकड़े के मुताबिक वार्ड क्रमांक 1 में कांग्रेस का पार्षद प्रत्याशी चिराग शर्मा चौथे स्थान पर रहा। इसी तरह वार्ड क्रमांक 6, 7, 11, 12, 15, 17, 18, 29, 31, 32, 37, 42, 47, 51, 53, 56, 58 एवं वार्ड क्रमांक 59 में तीसरे स्थान पर रहे। इन वार्डों में विजयी प्रत्याशियों को अन्य पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलियों ने टक्कर दिया। यहां पूर्व सभापति राजेश यादव, सरोज यादव, सुनीता देवांगन, मोहित वाल्दे, उषा ठाकुर, श्यामा विनोद सेन, निर्मल साहू, श्यामा साव, मीना मालिकपुरी, संजय ताम्रकार और श्रध्दा सोनी, शिवाकांत तिवारी, सेनापति रूद्रनाथ, पोषन साहू, अंशुल पांडेय, संतोष सोनी और ज्ञानी देवांगन और निकिता सिंह बुरी तरह से हारी हैं।

**दुपचेरा में श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन किया गया बाल लीला का वर्णन**

# भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल्यकाल में की अनेक दिव्य लीलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम दुपचेरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक श्रीरामकिंकर महाराज जी ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। श्रीरामकिंकर महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने अपने बाल्यकाल में अनेक दिव्य लीलाएं कीं, जिनमें उन्होंने मर्यादाओं को तोड़ा और दीनहीन जनों को अपने साथ जोड़ा।

उन्होंने पूतना की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस की भेजी हुई पूतना बड़ी सुंदर रूप में गोकुलधाम पहुंची। वह श्री कृष्ण को साधारण शिशु समझकर उन्हें अपनी गोद में उठा लेती हैं और उन्हें विषाक्त दूध पिलाने की कोशिश करती हैं। लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने उसका असली रूप पहचानते हुए उसे नष्ट कर दिया। इस घटना को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने आगे कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने बाल्यकाल में ही तृणावर्त नामक राक्षस को मारा और अपनी दिव्य शक्ति का परिचय दिया। नंद बाबा के घर श्री कृष्ण का नामकरण संस्कार किया और भगवान का नाम कृष्ण रखा। श्री कृष्ण ने बृज में माखन चोरी की लीला की और साथ ही अघासुर, बकासुर जैसे राक्षसों का वध किया।





### श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा कराकर की बृजवासियों की रक्षा

कथावाचक ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा कराकर बृजवासियों की रक्षा की। इंद्रदेव ने नाराज होकर बृज पर मूसलधार बारिश शुरू कर दी, लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली पर उठाकर बृजवासियों की रक्षा की, जिससे इंद्रदेव को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी। भागवत कथा का रसपान करने प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण जन अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। भागवत कथा में मंगलवार को गोवर्धन पूजा रासलीला रुक्मणी कृष्ण विवाह की कथा बताई जाएगी। भागवत कथा में प्रमुख रूप से एस कुमार कलिहारी संजूलता, गैंदलाल सोनबोईर मनीषा, फूलबासन, हीराराम साहू, फगनी तिलकराम कलिहारी, राधिका आनंद यादव द्वारा सहयोग किया गया है।